प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

01. महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में एनडीए का बिहार बंद कल।

02. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से कम से कम बीस सीटों की मांग की।

03. जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक आज से नई दिल्ली में शुरू हुई। बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर हो रहा है विचार–विमर्श।

04. और, राजगीर में एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के पहले सुपर फ़ोर मैच में मलेशिया ने चीन को दो–शून्य से पराजित किया। भारत और कोरिया के बीच मैच शुरू।

---

एनडीए ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में कल बिहार बंद का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना में कहा कि बंद की कमान एनडीए की महिला इकाई के जिम्मे होगी। बंद का आयोजन सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक होगा।

–––बाइट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति की मां के लिए अभद्र भाषा के प्रयोग का पार्टी समर्थन नहीं करती है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि दूसरों पर अंगुली उठाने से पहले भाजपा को एक बार खुद का भी आकलन करना चाहिए।

–––बाइट–––

---

भाजपा नेता नितिन नवीन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल दुर्भाग्यपूर्ण है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री नवीन ने कहा कि बिहार की जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाएगी।

———बाइट———

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजनीति में भाषा के गिरते स्तर पर चिंता जताई है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल लोकतंत्र की गरिमा को गिराता है।

———बाइट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में बिहार भाजपा की कोर कमिटी की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। उन्होंने कहा कि बैठक में लोसभावार प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया।

———बाइट———

———————————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से कम से कम बीस सीटों की मांग की है। श्री मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को मान्यता दिलाने के लिए कम से कम बीस सीटों पर चुनाव लड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनकी इस मांग पर एनडीए के सभी घटक दलों को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

———बाइट———

———————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजद विधायकों की पटना में एक बैठक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर हुई। वोटर अधिकार यात्रा के बाद राजद विधायकों की यह पहली बैठक थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में चुनाव तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा के साथ–साथ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान आम लोगों से मिली प्रतिक्रिया पर भी चर्चा की गयी।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा पांच सितम्बर को पटना के मिलर स्कूल मैदान में संवैधानिक अधिकार और परिसीमन सुधार रैली करेंगे। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुशवाहा ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार परिसीमन अभियान चला रही है। पटना में होने वाली रैली राज्यस्तरीय होगी।

---

जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन इस दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है, जिसमें कर दरों को युक्तिसंगत बनाना और अनुपालन को सरल बनाना शामिल है। बैठक में जीएसटी मंत्री समूह के अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत विभिन्न राज्यों के वित्तमंत्री शामिल हो रहे हैं।

---

आयकर विभाग की टीम ने किशनगंज के एक व्यापारिक समूह के ठिकाने पर छापेमारी कर सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेनामी संपत्ति का खुलासा किया है। समूह के चार राज्यों स्थित चालीस ठिकानों पर छापेमारी की गयी। बिहार में पच्चीस ठिकानों पर जांच एजेंसी ने छापेमारी की। आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक हजार से अधिक संपत्ति के कागजात मिले हैं। साथ ही भारी मात्रा में सोने के आभूषण भी बरामद किये गये।

---

राजगीर में एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में आज खेले गए सुपर फ़ोर के पहले मुकाबले में मलेशिया ने कांटे की टक्कर में चीन को दो–शून्य से पराजित किया। भारतीय टीम आज अपना पहला सुपर फ़ोर मैच कोरिया के खिलाफ खेल रही है। इससे

पहले, पांचवें से लेकर आठवें स्थान के लिए खेले गए एक मुकाबले में जापान ने चीनी ताईपे को दो–शून्य से पराजित किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गयाजी में आयोजित कार्यक्रम में आठ सौ निन्यानवे करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विभागों की दस परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में की थी। श्री कुमार ने इस दौरान पितृपक्ष मेला की तैयारियों का भी जायजा लिया। पितृपक्ष मेला छह सितम्बर से शुरू हो रहा है।

---

पटना मेट्रो का आज पहली बार ट्रायल रन हुआ। डिपो के अंदर बने आठ सौ मीटर लंबे ट्रैक पर मेट्रो का परिचालन किया गया, ताकि तकनीकी और सुरक्षा मानकों की पूरी जांच की जा सके। ट्रायल रन के दौरान विशेषज्ञों की एक टीम ने ट्रेन की स्पीड, ब्रेकिंग सिस्टम, पावर सप्लाई और सुरक्षा उपकरणों की जांच की। अब मेट्रो ट्रेन आईएसबीटी से भूतनाथ स्टेशन तक ट्रायल होगा। ट्रायल एक सप्ताह तक चलेगा। पटना मेट्रो का उद्घाटन इसी महीने होने की संभावना है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने अरवल सदर अस्पताल परिसर से ड्रग्स इंस्पेक्टर शैलेन्द्र नारायण को चालीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायतकर्ता को दवा दुकान का लाईसेंस देने के लिए घूस ले रहा था।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में कल से बारिश की गतिविधियों में तेजी आयेगी। विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दवाब का क्षेत्र भी बन रहा है, जिससे सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

———बाइट———

---

राज्य से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी भागलपुर और कहलगांव में भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। सोन नदी के जलस्तर में कमी आई है। नदी पटना के मनेर में खतरे के निशान से नीचे चली गयी है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान को पार कर गया है।

---

उर्दू–बांग्ला टीईटी अभ्यर्थियों ने आज पटना में जदयू कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा का पूरक परिणाम जारी करने की मांग कर रहे थे।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, बीसीए ने राजगीर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को एसोसिएशन को सौंपे जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार जताया है।

---

मुंगेर जिले के गंगा पार दियारा इलाके में पानी में नहाने के दौरान डूबकर एक ही परिवार के तीन लागों की मौत हो गयी। एक अन्य को स्थाानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया।

---

बांका जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में नहाने के दौरान डूबने की घटना में चार बच्चों की मौत हो गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में एनडीए का बिहार बंद कल।

02. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से कम से कम बीस सीटों की मांग की।

03. जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक आज से नई दिल्ली में शुरू हुई। बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर हो रहा है विचार–विमर्श।

04. और, राजगीर में एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के पहले सुपर फ़ोर मैच में मलेशिया ने चीन को दो–शून्य से पराजित किया। भारत और कोरिया के बीच मैच शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।